डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 126 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 18 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## शिक्षक भी अब बन सकेंगे अधिकारी

**भोपाल, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक अब अधिकारी भी बनते सकते हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। इसके बाद जिला परियोजना समन्वयक के लिए होने वाली परीक्षा में ये शामिल हो सकेंगे। पूर्व में परीक्षा के लिए इन्हें अपात्र घोषित किया था। इस निर्देश के बाद डीपीसी के लिए चयन में पचास हजार लोग और दायरे में होंगे।

बता दें कि जिलो में बच्चों की प्राइमरी एजुकेशन के लिए जिला परियोजना समन्वयक की जवाबदारी होती है। इसके लिए व्याख्ताओं को पात्र माना गया है। अब उच्च माध्यमिक शिक्षकों को भी इसके दायरे में लाया गया है। शिक्षक संगठन के अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल के मुताबिक उच्च माध्यमिक शिक्षक विभाग के नियमों के मुताबिक व्याख्ताओं के समकक्ष हैं। बावजूद इसके विभाग ने भर्ती के लिए इन्हें अपात्र कर रखा था। प्रदेश की बात करें तो इसका फायदा करीब पचास हजार अध्यापकों को मिलेगा। श्री कौशल के मुताबिक उच्च माध्यमिक... शेष पेज 4 पर








# अब पुलिस वालों पर भारी दिखे बदमाश..!

**✻ खाकी का चोरों के प्रति सुस्त रवैया, पुलिस वालों के मोहल्ले में जाकर पुलिस वालों के घर चोरी ✻ टीआई और एसआई के घरों के साथ पांच मकानों के ताले तोड़े**

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। लोगों की खून पसीनें की कमाई को चोर निशाना बना रहे हैं। इन चोरों को पकड़ने की और चोरियां रोकने की जवाबदेही जिन कांधों पर है। वे ना तो चोरियां रोक पा रहे है और ना ही उनको ट्रेस कर पा रहे है। कई चोरियां पेंडिंग है तो कईयों में खात्मा काट दिया गया है। जिले में कई ऐसे थानाप्रभारी हैं, जो पहले भी जिले में नौकरी कर चुके हैं। इस लिहाज से वे पूरे जिले को बेहतर ढंग से समझते हैं। लेकिन, उनके थाना क्षेत्रों की कई चोरियां बड़े लंबे समय से ट्रेस होने का इंतजार कर रही है। वहीं जिन थानों में बड़ी चोरियां हुई हैं, वहां पर पुलिस के आला अधिकारियों ने न तो थाना प्रभारी की और ना ही संबंधित बीट प्रभारी की जिमेदारी तय की है। जिससे अपराध खोलने का दबाव संबंधित अधिकारियों पर नहीं है। अब यह सुस्त रवैया पुलिस वालों पर ही भारी पड़ गया है। पुलिस कॉलोनी में पांच पुलिस वालों के घरों के ताले तोड़े गए। जिसमें चार घरों में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।**

### आखिरकार काट दिया खात्मा...

**केस-1** - 2021 में हरिपुरम कॉलोनी निवासी प्रवीण मुरडिया के घर 25 हजार रूपए नगद एवं 25 हजार कीमत के सामान चोर चुरा कर ले गए थे। पुलिस ने इस मामले में खात्मा काट दिया।

**केस-2**- 2021 में स्टेशन रोड दशरथ नगर निवासी शंकरलाल के घर में चोरों ने चोरी की वारदात कर सोने चांदी के जेवरात चुराए थे। इस मामले में भी पुलिस ने खात्मा काट दिया।

**केस-3**- 2021 में स्नेह नगर निवासी दिलीप गेहलोत के यहां हुई जेवरात और नगदी चोरी के मामले को भी पुलिस ट्रेस नहीं कर पाई और मामले का खात्मा काट दिया। ऐसे कई अन्य मामले है, जिनमें पुलिस के हाथ खाली ही है।

शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। कई चोरी के मामले पेडिंग है तो कईयों में पुलिस ने खात्मा ही काट दिया है। पिछले एक साल की बात करें तो तीन सौ से ज्यादा चोरी की वारदातें हुई है। मतलब हर माह 22-25 वारदातें चोरी की हो रही है। इस बार तो चोरों ने हद ही कर दी। एमआईटी कॉलेज के पास स्थित पुलिस कॉलोनी में चोरों ने धावा बोला। यहां एक ही ब्लॉक में चार घरों के ताले तोड़ा इसमें निरीक्षक, बाबू, दो एसआई और एक एएसआई के घर का ताला तोड़ कर चोरों ने अंदर प्रवेश किया। बताया जाता है कि अन्यत्र जिले में पदस्थ बाबू का घर खाली था। चोरों को यहां से कुछ नहीं मिला। लेकिन, बताया जाता है कि अन्य जगहों पर बदमाशो ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जिनके घरों में ताले तोड़े गए, उसमें भानपुरा टीआई केएल डांगी, एसआई बापूसिंह बामनिया, एएसआई अंतरसिंह जादोन, एसआई भरत भाभर और एक बाबू शामिल है।

### एक साल में तीन सौ चोरियां...

जिले में जनवरी 2024 से लेकर जनवरी 2025 तक करीब 300 से अधिक चोरियां हुई है। कुछ चोरियां तो ऐसी भी है। जिन्हें पुलिस ट्रेस नहीं कर पाई और जिसमें पुलिस ने खात्मा ही काट दिया है। तो कई चोरियां जिनकी विवेचना को लंबा समय हो गया है, और ट्रेस नहीं हो रही थी। उन चोरियों का दिसबंर माह में खात्मा काट दिया गया है। कई हाईप्रोफाइल चोरियां अब खात्मे की राह पर चल पड़ी है। इसमें डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बहनोई के यहां हुई चोरी भी अब तक ट्रेस नहीं हुई है। जिसको तीन साल बीत गए है।

### वित्तमंत्री के बहनोई ने कहा, कई बार टीआई को बोला...

डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बहनोई नथमल सोनगरा गरोठ की नीलेश्वरी कॉलोनी में रहते है। इनके यहां पर 17 जनवरी 2021 को चोरों ने इनके घर में चोरी की वारदात की थी। चोर नगदी सहित जेवरात चुरा कर ले गए थे। उन्होंने बताया कि करीब साढे तीन लाख रूपए कीमत की चोरी हुई थी। कई बार थानाप्रभारी को कहा लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। 181 पर भी शिकायत की थी।

### बुगलिया केनाल मामले में कलेक्टर न्यायालय में हुई सुनवाई...

# नपा सीएमओ सुधीरसिंह से किया जवाब तलब

**सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभिभाषक डा.राघवेंद्रसिंह तोमर ने प्रकरण में हितबद्ध पक्षकार बनने हेतु दिया आवेदन, अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी**



**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बुगलिया केनाल पर एप्रोच रोड़ बनाने के मामले में मंदसौर कलेक्टर न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0156/बी 121/2024-25 में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायालय कलेक्टर द्वारा सीएमओ नगर पालिका परिषद मंदसौर सुधीरसिंह से नोटिस के सभी सात बिंदुओं पर बारीकी से सवाल जवाब किए गए। नोटिस के अनुसार कार्यवाही नहीं होने पर न्यायालय द्वारा फटकार भी लगाई गई। अगली सुनवाई से पहले सातों बिंदुओं पर विधिवत कार्यवाही कर विस्तृत पालन प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश सीएमओ नगर पालिका परिषद मन्दसौर को दिए गए।



वहीं दूसरी ओर इस मामले में शहर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभिभाषक डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने उन्हें इस प्रकरण में हितबद्ध पक्षकार बनाए जाने हेतु कलेक्टर न्यायालय में एक आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वह इस मामले से जुडे महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रकरण में प्रस्तुत करना चाहते है, जिससे मामले के दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही हो सकेगी। उन्होंने आवेदन में निवेदन किया कि उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक मंदसौर को भी आवेदन पत्र दिया गया है, जिसमें दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। इसलिए उन्हें इस प्रकरण में हितबद्ध पक्षकार बनाया जाना न्याय हित में आवश्यक है।

### प्रकरण में अगली सुनवाई 24 फरवरी को...

मामले में जानकारी देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभिभाषक डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि इस मामले में नगर पालिका परिषद मन्दसौर सीएमओ एवं अन्य अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। इसकी जांच होनी चाहिए एवं जांच होने तक इन्हें निलंबित किया जाना जरूरी है। डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने कहा कि जब न्यायालय में स्वयं नपा सीएमओ ने स्वीकार किया है कि उनके मौखिक आदेश पर यह निर्माण कार्य शुरू किया गया था, ऐसी स्थिति में उनका अपने पद पर बने रहना उचित नहीं है। क्योंकि जिन सीएमओ के कहने से अवैध निर्माण हुआ है, भला उनसे विधिवत कार्यवाही एवं निष्पक्ष पालन प्रतिवेदन की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

## मंदसौर से प्रतापगढ़ पहुंची 41 करोड़ की ब्राउन शुगर, प्रतापगढ़ पुलिस ने पकड़ी

### ट्रक के डीजल टैंक में स्कीम बनाकर की जा रही थी तस्करी, 20 किलो 820 ग्राम ब्राउन शुगर क्रूड मिला

**प्रतापगढ़, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर के रास्ते प्रतापगढ़ पहुंची 40 करोड़ रूपए से ज्यादा कीमती ब्राउन शुगर को प्रतापगढ़ पुलिस ने ट्रक सहित जब्त किया है। दरअसल ट्रक के डीजल टैंक में स्कीम बनाकर तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जप्त ब्राउन शुगर का वजन 20 किलो 820 ग्राम है। यह 14 पॉलीथिन थैलियो में भरकर डीजल टैंक में छिपाई गई थी।

प्रतापगढ़ पुलिस ने बताया कि उपनिरीक्षक लक्ष्मणलाल को मुखबीर से सूचना मिली कि लड्डू उर्फ घनश्याम बैरागी निवासी पलथान, थाना रठांजना, हाल निवासी तिलक नगर, प्रतापगढ़ ट्रक नंबर आरजे 05 जीसी 1984 में डीजल टैंक में स्कीम बनाकर भारी मात्रा में ब्राउनशुगर क्रुड लेकर मंदसौर से प्रतापगढ़ आ रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल को अवगत कराकर उनके निर्देशन में टीम गठित की गई और थाने के सामने नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर चालक और अन्य व्यक्तियों से पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान ट्रक के डीजल टैंक को दो भागों में विभाजित पाया गया, जिसमें एक भाग में डीजल और दूसरे में वेल्डिंग से अलग बनाए गए कम्पार्टमेंट में 14 पॉलीथीन की थैलियां भरी हुई थीं। इनमें से मटमैले भूरे रंग का पदार्थ मिला, जो ब्राउनशुगर क्रुड पाया गया। जब्त मादक पदार्थ का कुल वजन 20 किलो 820 ग्राम निकला। मामले में लड्डू उर्फ घनश्याम पिता नारायण दास वैरागी उम्र 34 वर्ष निवासी पलथान, थाना रठांजना, हाल निवासी तिलक नगर, प्रतापगढ़, पुष्कर लाल पिता नारायण लाल मीणा उम्र 34 वर्ष निवासी बसाड, थाना प्रतापगढ़ और पुष्कर लाल पिता कन्हैयालाल तेली उम्र 48 वर्ष निवासी तेलियों की गली, थाना प्रतापगढ को गिरफ्तार किया गया है। मामले में सभी आरोपियो पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है। आरोपियो का रिमांड भी लिया गया है।

### नाटी से बरामद हुई पिस्टल, दो जिंदा कारतूस भी मिले

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रविवार शाम शहर कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति के पास अवैध पिस्टल है और वो किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। एसआई अभिषेक पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रतापगढ़ रोड स्थित गोपाल कृष्ण गौशाला के सामने से आरोपी को पकड़ा। आरोपी की पहचान सलमान उर्फ नाटी उम्र 32 वर्ष के रूप में हुई, जो शहर किला मंदसौर का रहने वाला है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच में ये पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी ने अवैध पिस्टल कहां से लिया था और इसका इस्तेमाल कहां करने वाला था। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

## तीन कारें टकराई, दो युवक गंभीर घायल

**नीमच, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के मालखेड़ा फोर लाइन हाइवे बाईपास चौराहे पर रविवार रात एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। स्पीड ब्रेकर की अधिक ऊंचाई के कारण एक कार के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रही दो कारें उससे टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे में रावतभाटा निवासी योगेश सोनी और उदयपुर निवासी 26 वर्षीय क्रांति यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस द्वारा बड़े अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय निवासी कुंदन पाटीदार ने बताया कि चौराहे पर स्पीड ब्रेकर की असामान्य ऊंचाई लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर होते हैं, जिससे पीछे से आने वाली गाड़िया टकरा जाती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्पीड ब्रेकर को या तो हटाने या फिर इसकी ऊंचाई कम करने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही बड़ी संख्या में लोग बड़े अस्पताल पहुंचे, जहां घायलों का इलाज चल रहा है।

# गिद्ध गणना: गांधीसागर अभयारण्य सहित जिले में पहले दिन मिले 728 गिद्ध

**सौ से अधिक जंगल विभाग का अमला गिद्धों को तलाश रहा**





**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के साथ ही मंदसौर जिले में भी गिद्धों की तीन दिवसीय गणना का काम शुरु हो गया। सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारी 37 टीमों में विभाजित होकर गांधी सागर के साथ जिलेभर के जंगलों में गिद्धों को तलाश करते नजर आए। वन मंडल अधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि पहले दिन जिले में 728 गिद्ध मिले। जिसमें गांधी सागर में यह आंकड़ा 677 रहा। इसके अलावा मंदसौर में 12 तो भानपुरा में 39 गिद्ध मिले। इस गणना के दौरान प्रवासी और स्थानीय दोनों ही गिद्ध मिले। कुल मिलाकर पहले दिन की गणना से साफ हो गया कि गांधी सागर गिद्धों को खासा पसंद आ रहा है। बता दे कि शीतकालीन गणना के दौरान प्रवासी गिद्ध जैसे यूरेशियन ग्रिफों, सीनेरियस गिद्ध आदि भी गणना में पाए जाते हैं। गर्मियों में गिद्धों की गतिविधियां और उनके प्रजनन स्थल अलग हो सकते हैं, इसलिए इस दौरान अलग से गणना की जाएगी।

गांधीसागर अभयारण्य सहित जिले में सोमवार से तीन दिवसीय शीतकालीन गिद्ध गणना प्रारंभ हो गई है। यह गणना 19 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच की जाएगी। इस दौरान 37 बीटों में 85 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी और वॉलंटियर्स तैनात किए गए हैं, जो चंबल नदी से लगे उंचे चट्टानी क्षेत्रों में गिद्धों की गणना कर रहे हैं। पहले दिन की गणना के बाद अभ्यारण्य में 677 गिद्धों की संख्या होना पाया गया। गिद्धों की संख्या और उनके आश्रय स्थलों का आकलन करने के लिए यह गणना पूरे प्रदेश में चल रही है। अधिकारी और कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें बैठे हुए गिद्धों की गिनती कर रही हैं एवं उनकी प्रजाति की पहचान कर रही हैं और घोंसलों की स्थिति का निरीक्षण कर रही हैं।

### यह है गिद्धों की खास बात...

✻ गिद्ध साल में एक ही बार अंडे देते हैं और यह प्रक्रिया चट्टानों या ऊंचे पेड़ो पर होती है। ✻ गिद्ध का जीवनकाल औसतन 15 से 30 वर्ष तक होता है।

### गिद्ध संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयास...

1. **डाइक्लोफेनैक पर प्रतिबंध**– गिद्धों के लिए घातक इस दवा का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।
2. **संरक्षित क्षेत्र**– गिद्धों के घोंसले वाले क्षेत्रों को संरक्षित किया गया है ताकि वे बिना किसी बाधा के प्रजनन कर सकें।
3. **निगरानी और गणना**– गिद्धों की गणना नियमित रूप से की जाती है, ताकि उनकी जनसंख्या पर नजर रखी जा सके।
4. **स्थानीय जागरूकता अभियान**– ग्रामीणों और किसानों को गिद्धों के महत्व और उनके संरक्षण के तरीकों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है।

### गिद्धों के लिए स्वर्ग गांधी सागर...

गांधीसागर अभयारण्य गिद्धों के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक आश्रय स्थल है। यहां की जैव विविधता, ऊंची चट्टानें और भोजन की उपलब्धता गिद्धों के जीवन के लिए आदर्श वातावरण प्रदान करती हैं। संरक्षण प्रयासों और नियमित निगरानी के माध्यम से गिद्धों की संख्या को स्थिर बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

### गांधी सागर में पाई जाती है यह प्रजापतियां...

गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, क्योंकि वे मृत जीवों को खाकर प्रकृति की सफाई करने का कार्य करते हैं। गांधीसागर में गिद्धों की सात प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें भारतीय गिद्ध, लंबी चोंच वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला गिद्ध और मिस्र गिद्ध प्रमुख हैं। गांधीसागर सेंचुरी में गिद्धों के लिए आदर्श वातावरण मौजूद है, जिसमें ऊँची चट्टानें, घने वृक्षों वाले क्षेत्र और जल स्रोत शामिल हैं। गिद्ध ज्यादातर खुले क्षेत्रों और ऊंची चट्टानो, पर्वतों पर घोंसला बनाते हैं, जहां उन्हें भोजन और सुरक्षित प्रजनन स्थल मिल सके। वे शिकारी नहीं होते, बल्कि प्राकृतिक सफाईकर्मी के रूप में कार्य करते हैं। वे अपनी तीव्र दृष्टि और गंधशक्ति की मदद से दूर से ही मृत जानवरों को खोज लेते हैं।

## तीस डिग्री पहुंचा दिन का अधिकतम तापमान

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में सोमवार को दिन और रात दोनों समय गर्मी का असर रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक यही स्थिति बनी रहेगी और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। उत्तरी भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

वर्तमान में जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसा फरवरी माह में मौसम में उतार-चढ़ाव सामान्य है और इस वर्ष भी यही प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। मौसम वैज्ञानिक प्रमेन्द्र कुमार रैकवार ने बताया कि 17 फरवरी से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालय की ओर सक्रिय होने जा रहा है। इसका प्रभाव 18-19 फरवरी से प्रदेश मे भी देखने को मिलेगा, जिससे दिन-रात के तापमान में गिरावट आएगी। यह प्रभाव लगभग 3-4 दिनों तक बना रह सकता है। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होते हैं, जिसके कारण तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

### दम्पति को पीटा, 3 पर प्रकण दर्ज

**पिपलियामंडी, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में दम्पत्ति सहित तीन पर केस दर्ज किया। बण्ड पिपलिया निवासी पूनमचंद पिता सज्ञनलाल बावरी ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घरेलू विवाद में मेरे भाई मोहनलाल, उसकी पत्नी शांतिबाई व बेटे राहुल ने गाली-गलौज की व सलिए से सिर पर मारी, जिससे चोंट आई। वहीं बाइक को भी नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।

# विश्व बाजार में हमारा रुपया तो गिर ही गया था, प्रतिष्ठा भी गिर गई...

**मंदसौर/उज्जैन, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वैश्विक बाजार में भारतीय मुद्रा अर्थात रुपया सबसे ज्यादा दुनिया में मान्यता के साथ चलने वाले डॉलर के मुकाबले 87 रुपए तक गिर गया है। प्रतिष्ठा की बात करें तो जब से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उसी दिन से लगातार हमारे देश की प्रतिष्ठा ने भी रुपए की गति से गिरना शुरू किया था। जो आज तक भी जारी है और तब तक जारी रहेगा जब तक हमारे देश का नेतृत्व कोलंबिया के राष्ट्रपति जैसा व्यक्ति ना संभाल ले। क्योंकि, भारतीय नेतृत्व जिसकी कभी जरा से विरोध पर जो आंखें लाल हो जाती थी, वह मोतियाबिंद से पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। उसे ना अपने देश का ही नहीं अपने लोगों का वैश्विक अपमान नजर आ रहा है। गिरते रुपए और बढ़ते डॉलर के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने घुटने टेक कर पुरानी तकनीक वाले अमेरिकी हवाई जहाज बहुत अधिक कीमत पर खरीद लिए गए हैं। इतना ही नहीं अमेरिका से आने वाले किसी भी मशीन उपकरण पर आयात शुल्क सौ, डेढ सौ प्रतिशत से घटकर 50 से 30 प्रतिशत तक के दायरे में लाकर अपनी ही विदेशी मुद्रा की आय को एक चौथाई के लगभग घटा दिया है। यही नेतृत्व अगर इसी तरह से भारत देश की नीतियां, विदेश नीतियां बनाता रहा तो थोड़े ही समय में आर्थिक कंगाली के साथ प्रतिष्ठा से भी भारतीय कंगाल हो जाएंगे।



चन्द्रमोहन भगत

प्रतिष्ठा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरण तब शुरू हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव डोनाल्ड ट्रंप जीत गए थे और अपने मित्रों को आमंत्रण भेजना शुरू किया था। भारत का नेतृत्व नहा धोकर बैठा इंतजार करता रहा, जबकि पहला आमंत्रण अमेरिका ने अपने विरोधी चीन को भेजा था। भारत के प्रधानमंत्री को बुलाया तक नहीं गया। ट्रंप ने जब राष्ट्रपति का कार्य 20 जनवरी को शुरू किया तब प्रवासियों को वापस उनके देश में भेजा जाने लगा।

अभी तक 332 भारतीय नागरिकों को जो डंकी मार्ग से अमेरिका पहुंचे थे उन्हें हथकडी और बेड़ियां पहना कर कार्गो सैन्य हवाई जहाज में बैठा कर, जिसमें 40 घंटे की यात्रा में एक ही वॉशरूम था सभी के उपयोग के लिए, भेजा गया है। दूसरी, तीसरी यात्रा की महिला और बच्चों को जंजीर मुक्त रखा गया था। कल्पना कीजिए भारत की प्रतिष्ठा कितनी गिर गई है। 143 करोड़ की जनसंख्या वाला देश, जिसके प्रधानमंत्री देश को विश्व गुरु और पांचवी बड़ी आर्थिक शक्ति बताते समय सार्वजनिक मंच पर छाती ठोकते नजर आते हैं। जबकि, देश का रुपया धड़ाम से गिर गया और प्रतिष्ठा तो पूरी तरह आसमान से गिरी और मिट्टी में मिल गई है। देशवासियों का सर शर्म और ग्लानि से इसलिए झुक गया है कि तीन छोटे से देश मेक्सिको, वेनेजुएला और कोलंबिया के नागरिकों को भी ऐसे ही सैन्य मालवाहक हवाई जहाज में भेजा था, जिसे इन तीनों राष्ट्र प्रमुखों ने अपनी धरती पर उतरने ही नहीं दिया। इन देशों के मुखियाओं ने अपने नागरिकों को अपने यात्री विमान भेज कर उसमें ससम्मान वापस लाया गया। इसे देश के नागरिकों का सम्मान करने वाली सरकार कहा जा रहा है। इन देशों के मुखियाओं ने ट्रंप को लाल आंखें दिखा कर जैसी सार्वजनिक आलोचना की है वैसा हमारे 56 इंची नेतृत्व में दम नहीं है। इन छोटे राष्ट्रों पर ट्रंप ने टैक्स बढ़ाकर लगाया तो इन्होंने भी अपने सामानों पर टैक्स बढ़ाकर बदले की कार्रवाई जैसा कांड कर डाला। इसी के साथ हमारा देश का नेतृत्व ट्रंप के सामने नतमस्तक होकर अमेरिकन कंपनियों के सामानों पर लगने वाले टैक्स को 50 से 70 प्रतिशत तक कम कर चुके हैं। इतना सब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक हो चुकी जानकारी है, जो अभी तक उजागर नहीं हो पाई है, कितनी गंभीर और देश वासियों को आघात पहुंचाने वाली होगी !

# नवाचार का मतलब है परिवर्तन और परिवर्तन का मतलब है विकास

## महाविद्यालय के प्रबंध विभाग द्वारा अध्याय प्रदर्शनी का आयोजन



**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 17 फरवरी 2025 पीएम एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्रबंध विभाग द्वारा 'अध्याय एग्जीबिशन' का आयोजन किया गया।

इस एग्जीबिशन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री यशपालसिंह जी सिसोदिया - प्रदेश प्रवक्ता - भाजपा एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी ने विद्यार्थियों के नवाचार एवं प्रबंध स्किल की बहुत सराहना करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल और सभी उत्कृष्टभागीदारी करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिये। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने कहा हमने इस एग्जिबिशन को सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए खुला रखा था, इस एग्जिबिशन द्वारा न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने का अवसर प्रदान करा, बल्कि उन्हें अपने विचारों और विचारशीलता को प्रस्तुत करने का भी मंच दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अशोक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जो सीखने का प्रयास करता है, वह बिना ज्ञान के कभी नहीं लौटता। आप अपनी महाविद्यालयीन शिक्षा एवं नवाचार के साथ नए उद्यमिता की ओर आगे बढ़े। प्रबंध विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रजत जैन ने बताया विभाग द्वारा आयोजित 'अध्याय एग्जिबिशन' में विभिन्न प्रकार के मॉडल, पोस्टर और फायरलेस कुकिंग कंपीटीशन का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा विविध परियोजनाओं, कला, विज्ञान, और तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें छात्रों को सकारात्मक ऊर्जा और शैक्षणिक कौशल को प्रदर्शित करने का शानदार अवसर मिला। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण में राम मंदिर, श्री पशुपतिनाथजी की मूर्ति, रोबोटिक्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, पर्यावरण संरक्षण, और डिजिटल इनोवेशन के साथ फायरलेस कुकिंग प्रदर्शनी में फ्रूट कस्टर्ड, ड्राई फ्रूट रसमलाई, कॉफी, पान के लड्डू, बिस्कुट केक जैसी स्वादिष्ट व्यंजन शामिल थे। शिक्षिका शालू नलवाया ने कार्यक्रम का सुचारु प्रबंध करते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी में 210 विद्यार्थियों ने बडी उत्सुकतापूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने हेतु महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित हुए। प्रबंध शिक्षिका साक्षी विजयवर्गीय ने उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकगण एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए आभार माना।

## प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया प्रारम्भ

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री एस के महाजन द्वारा बताया गया कि केंद्रीय केबिनेट ने 8 फरवरी 2024 को प्रधानमत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का अनुमोदन किया गया है। योजना का कियान्वयन आगामी 4 बर्षों र्तक किया जाना है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म पर इच्छुक मछुआरे, मत्स्य किसान, मत्स्य विक्रेता एंव मत्स्य उद्यमी अपना पंजीयन करवाकर एनएफडीपी प्लेटफार्म पर ही ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

योजना अन्तर्गत पंजीयन हेतु 20 फरवरी 2025 को कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योधोग मंदसौर में शिविर आयोजित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, दो फोटो लेकर शिविर मे उपस्थित रहे।





# आवश्यकता विहीन अनियंत्रित भूमि अधिग्रहण के विरोध में भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन

## भूमाफिया की तरह कार्य कर रहे सभी विकास प्राधिकरणों को भंग करने की मांग

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आवश्यकता विहीन अनियंत्रित भूमि अधिग्रहण के विरोध में भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत जिला मंदसौर द्वारा 17 फरवरी, सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार मंदसौर को ज्ञापन दिया गया। भारतीय किसान संघ द्वारा मालवा प्रांत की सभी तहसीलदारों में एक साथ सोमवार को ज्ञापन दिये गये।

ज्ञापन में कहा कि भारतीय किसान संघ विकास विरोधी नहीं है परन्तु खेती किसानी का विनाश करने वाले विकास का समर्थन भी नहीं करता है। अत: स्पष्ट रूप से हमारी मांग है कि इंदौर में आउटर रिंग रोड के लिये किसानों की सहमति के बिना ज्यांइट सर्वे प्रारम्भ किया गया है उसे रोका जाए। विगत 12 वर्षों र्से गाइडलाइन नहीं बढ़ाई गई अत: प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत के हिसाब से गाइडलाइन बढ़ाई जाए। नई गाइडलाइन अनुसार उसका 4 गुना मुआवजा दिया जाए। प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों को भंग किया जाए। यह अपने गठन के उद्देश्य से भटक कर भू माफिया की तरह काम कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सात सूत्रीय गाइडलाइन का पालन वर्तमान राजपत्र में नहीं किये जाने से उसे निरस्त किया जाये। किसानों की आपत्ति का निराकरण कर संबंधित दर्ज प्रकरण में पारित निर्णय की प्रति किसानों को प्रदान की जाये। जनहित आवश्यकता विहीन अनियंत्रित भूमि अधिग्रहण को नियंत्रित किया जाकर जितनी भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है उतनी ही भूमि उस पटवारी हल्के में दिया जाये। भूमि ग्रहण की प्रक्रिया अधिनियम 2013 के मूल स्वरूप अनुसार की जाये। ज्ञापन में कहा कि उक्त न्यायोचित बिन्दुओं पर सरकार गंभीरता से निर्णय नहीं लेती है तो भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत प्रत्येक तहसील स्तर पर उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। इस अवसर पर मालवा प्रांत सदस्य भंवरसिह पंवार, जिला संरक्षक राधेश्याम पाटीदार करजू, जिला मंत्री राधेश्याम ठन्ना फतेहगढ़, जिला कार्यालय मंत्री प्रीतिपालसिंह बेहपूर, जिला सदस्य मदनसिंह चांदाखेड़ी, मंदसौर तहसील अध्यक्ष रामकिशन धनगर धमनार, तहसील मंत्री मांगीलाल प्रजापत दलौदा, मोहनलाल सूर्यवंशी आक्या आदि उपस्थित थे।

## शिवाजी महाराज जयंती पर शासकीय अवकाश घोषित किया जाए

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला क्षत्रिय मराठा समाज, मन्दसौर द्वारा सयुक्त कलेक्टर महोदय मन्दसौर को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयन्ति 19 फरवरी को शासकीय अवकाश घोषित करने हेतु ज्ञापन प्रस्तुत कर माँग की गई है। इस अवसर पर समाज के भरत शिन्दे, अनिल माण्डोकर, नारायणराव देशमुख, अरविन्दराव नवले, अनिल जगताप, हरिराव जाधव, संजय जाधव, संजय चव्हाण, गोपालराव शिन्दे, कमलेश रोखले, श्रीमती प्रिती रोखले, महेन्द्र नवले, दिलीप शिन्दे, गोरव कुंजर, सयुक्त क्षत्रीय मराठा समाज एवं विनयजी दुबेला, विनोद जी मेहता अन्य सभी समाजजन उपस्थित थे।

## दम्पति को पीटा

**पिपलियामंडी, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दम्पत्ति के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। दौरवाड़ा निवासी मंजूबाई पति रमेश बागरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई मेरी विकलांग बेटी की भगत पिता प्रकाश बागरी, शिवलाल पिता प्रकाश बागरी, जीवन पिता मदन बागरी, रणजीत पिता मदन बागरी हंसी उडाते थे, मैंने मना किया तो चारों ने गाली-गलौज कर मारपीट की व उल्टी कुल्हाड़ी से मारी जिससे मेरे पति रमेश के सिर में चोंट आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## महाविद्यालय में हुआ विशेष भर्ती अभियान 2025 प्लेसमेंट ड्राइव आयोजन

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसब राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयब मन्दसौर के प्राचार्य डॉ- जे-एस- दुबे ने बताया कि विशेष भर्ती अभियान मध्यप्रदेश 2025 के तहत निजी क्षेत्र के रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजनाब उच्च शिक्षा विभाग तथा डी-एम-सी-एफ-एस- प्रा-लि- के संयुक्त तत्वावधान में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा महाविद्यालय में दिनांक 17.02.2025 को प्रात: 11.00 बजे से 3:00 बजे तक रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

आयोजन में माननीय श्री यशपालसिंह जी सिसोदिया, पूर्व अध्यक्ष। जनभागीदारी समिति, माननीय श्री नरेश जी चंदवानी अध्यक्ष-जनभागीदारी समिति एवं प्राचार्य डॉ-जे-एस- दुबे द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने हेतु प्रेरित एवं चयन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। विशेष भर्ती अभियान में कम्पनियों में विभिन्न पदों हेतु इंटरव्यू लिया गया जिसमें । एम.एससी.ब एम.ए-ब एम.कॉम-ब बी.एससी, बी.ए-ब बी.कॉम-ब बी.बी.ए-ब विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़- चढकर भाग लिया। इंटरव्यू के दौरान एक अच्छा रिज्यूम कैसे बनाया जाए इस पर भी इंटरव्यू पैनल के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया, इंटरव्यू में लगभग 137 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 25 विद्यार्थियों को प्रारंभिक तौर पर चयन हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया। प्लेसमेंट ऑफिसर श्री योगेश सैनी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठद्वारा विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाऐं संचालित की जा रही हैंब कार्यक्रम में डॉ- वीणा सिंह जिला नोडल स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने बताया कि ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे और शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्राप्त हो इसका प्रचार प्रसार भी व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रो- टी.के. झाला विभागाध्यक्ष-गणित, श्री सिद्धार्थ बरोड़ा, सहा-प्राध्या-ब सुश्री दीप्ति शक्तावत, अतिथि विद्वान उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज द्वारा 9 मार्च को फाग महोत्सव मनाया जायेगा

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक रविवार को संपन्न हुई जिसमें आगामी पर्वो को लेकर कार्य योजना बनाई गई। ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पं. दिलीप दुबे ने बताया की समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में मासिक बैठक शुक्ला ट्यूटोरियल गांधी चौराहा पर संपन्न हुई जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी 9 मार्च को भगवान परशुराम वाटिका रामटेकरी पर साय 4 बजे से ब्राह्मण समाज फाग महोत्सव मनाएगा। श्री दुबे ने बताया कि फाग महोत्सव के अंतर्गत काव्य पाठ, भजन होगा तथा सभी समाज बंधु एक दूसरे को गुलाल लगा कर फाग महोत्सव मनाएंगे, जिसमे मातृ शक्ति भी उपस्थित रहेगी। इसके अलावा 2 मार्च को शुक्ल पक्ष की तृतीया को सायं भगवान परशुराम की समाज बंधुओं द्वारा आरती की जाएगी तथा अक्षय तृतीया पर परशुराम जयंती पर्व को भव्यता से कैसे मनाया जाए इस विषय पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

समाज के वरिष्ठ गोपालकृष्ण पंचारिया ने अपने उद्बोधन में कहा की विनम्रता एक अच्छा गुण है लेकिन अगर सामने वाला इसे आपकी कमजोरी मानता है तो वो आपके लिए बड़ा घातक सिद्ध होगा। जीवन में सहजता, सरलता एवम स्पष्टता के साथ चले आपको कभी संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैठक में डॉ. क्षितिज पुरोहित ने भी अपने विचार रखे तथा हरिशंकर शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में गोपाल कृष्ण पंचारिया, सुनील व्यास, डॉ. क्षितिज पुरोहित, सनद कुमार जोशी, मदन तिवारी, जगदीश जोशी, हरिशंकर शर्मा, सुरेश शर्मा, राजेश शुक्ला, नरेंद्र कुमार शर्मा, हरिनारायण शर्मा, अनिल, विनोद तिवारी, दिलीप दुबे, प्रहलाद शर्मा, सुनील पंचारिया, संजय तिवारी, डॉ. जी डी पालीवाल, एस एस अग्निहोत्री, सावन शर्मा, अनिल ओम, श्रीमती नीता चौबे सहित कई समाजजन उपस्थित थे। बैठक का संचालन सुनील व्यास ने किया तथा आभार डॉ. जी डी पालीवाल ने माना।

## जहां ज्ञान है वहां आत्म विश्वास है, जहां अज्ञान है वहां अंध विश्वास है-रातड़िया

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि जहाँ ज्ञान है वहां आत्म विश्वास है, जहाँ अज्ञान है वहां अंध विश्वास है.जो रूढ़ियाँ हितकर नही है वे त्याज्य है। जो परम्पराएं हितकारी है उनका संरक्षण जरुरी है. सतीप्रथा जैसी रूढ़ियाँ घातक थी जिन्हें त्याग दिया गया। दहेज़ प्रथा, मृत्यु भोज, बाल विवाह जैसी प्रथाए घातक है उनके उन्मूलन के प्रयास सराहनीय है. परम्परा के नाम पर नशा व बली जैसी प्रथाओं को जारी रखना उचित नही है। श्रद्धा व अंध विश्वास में सुक्ष्म अंतर है इसका विवेकपूर्ण निर्धारण जरुरी है। अंध विश्वास के उन्मूलन को आस्था पर प्रहार समझना उचित नही है। हिंदी साहित्य संसथान के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार जोशी, समाज सेवी श्री त्रिलोचन सिंह छाबडा, सत्य साई प्रवक्ता श्री प्रकाश दीक्षित, श्री सुरेश पंडया, श्री सत्यनारायण भूरिया, ने विचार रखे. श्री यशवंत प्रजापति, श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री अभय जैन ने भजन प्रस्तुत किये, श्री भेरुलाल पटेल, श्री शानाक्र लाल लाल त्रिवेदी, श्री प्रकाश कल्याणी, श्री विनोद नरानिया, श्री वल्लभ बघेरवाल, ने संवाद में भागिता की। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा ने गतिविधियों की जानकारी दी। आध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने सञ्चालन किया. श्री साई मन्दिर के प्रबंधक श्री निरंजन भारद्वाज ने आभार प्रदर्शन किया।

## हनुमान चालीसा का पाठ गोपाल कृष्ण मंदिर पर आज

**मनासा, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सनातन सत्संग मण्डल, मनासा के तत्वाधान में अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा, ओजस्वी संत चेतनरामजी महाराज (उदयपुर) की प्रेरणा से आज 18 फरवरी मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा पाठ की अनवरत श्रृंखला में 22 वा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ रात्रि 8-30 बजे श्री गोपाल कृष्ण मंदिर, अनुपपुरा मनासा पर रखा गया है।

## शांति समिति की बैठक आज

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया कि जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 18 फरवरी 2025 को सायं 05:00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर के सभा-भवन में आयोजित होगी।

## फिर ठंड देगी दस्तक, तूफानी हवाएं

**नई दिल्ली, 17 फरवरी।** दिल्ली-एनसीआर में ठंड का प्रकोप अब कम होने लगा है। तापमान का उतार-चढ़ाव गर्मी का अहसास करा रहा है, लेकिन दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर और पश्चिमी भारत में एक बार फिर ठंड बढ़ सकती है, क्योंकि एक और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने वाला है, जिसका असर पहाडी और मैदानी राज्यों में देखने को मिलेगा। इस वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से जहां पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी होगी।

वहीं दिल्ली-एनसीआर समेत करीब 18 राज्यों में बारिश हो सकती है। आज 17 फरवरी ती सुबह जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले की गुरेज घाटी में ताजा बर्फबारी हुई है, जिसका वीडियो सामने आया है। पिछले 2 दिन से चंडीगढ़ में मौसम खराब है। परसो बारिश हुई और कल दिनभर बादल छाए रहे। दिल्ली-एनसीआर में भी पिछले 15 दिन से सुबह-शाम सर्द हवाएं चल रही हैं।

**दिल्ली-एनसीआर में ऐसा रहेगा मौसम**-आईएमडी के अनुसार, राजधानी दिल्ली और इससे सटे नोएडा में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने से कल 18 फरवरी को हलके बादल छा सकते हैं। 19 फरवरी को हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 21 फरवरी को भी बारिश हो सकती है।

## वृद्धा को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वृद्ध महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज किया। बांसखेड़ी निवासी गीताबाई (80) पति भेरु नायक ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे घर के सामने युवराज पिता बलवंतसिंह सौंधिया मेरे बेटे काना को साथ बिठाकर शराब पी रहा था, मैं बेटे को बुलाने गई तो युवराज ने गाली-गलौज कर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवराज पर केस दर्ज किया।

## मंदिर में चोरी के आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के सुपुर्द

**पिपलियामंडी, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदिर में चोरी के आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। माल्याखेरखेड़ा निवासी किशनलाल पिता मांगीलाल गेहलोत ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं गांधीग्राम में वीर तेजाजी शेषावतार मंदिर में पुजारी हूं। शाम को मंदिर गया तो दरवाजा टूटा था, इसी दौरान एक युवक भागता हुआ दिखा, जिससे पकडा तो उसके पास झोले से मंदिर से चोरी गई तांबे की प्लेट, लोट, छोटा ग्लास, चम्मच, कटोरी, लोठा, दीपक, गुरुड घंटी, गोमुखी, चांदी के दो छत्र निकले। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान जग्गाखेड़ी निवासी विकास पिता जगदीश जाट होना बताई। जिसे पुलिस के सुपुर्द किया।

## कंप्यूटर अकाउंटिंग टैली का नि:शुल्क प्रशिक्षण कल से

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर के निर्देशक महेशचंद्र अग्रवाल द्वारा बताया गया कि महिलाओ के लिए कंप्यूटर अकाउंटिंग टैली का प्रशिक्षण बैच 19 फरवरी 2025 बुधवार से शुरू होगा। प्रशिक्षण इच्छुक प्रत्याशी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। रजिस्ट्रेशन के लिए अपने साथ दो फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी कार्ड, अंतिम मार्कशीट और बैंक खाते की डिटेल फोटो प्रति लेकर आवे एवं इसका लाभ उठावें। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सर्किट हाउस से पहले, नई आबादी थाने के पास मंदसौर। मोबाइल नंबर 7999852839, 8435806297 पर सम्पर्क कर सकते है।

# सीए ब्रांच व कर सलाहकार संघ द्वारा बजट सेमिनार सम्पन्न

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीए ब्रांच व कर सलाहकार संघ मन्दसौर द्वारा बजट 2025 विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मन्दसौर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार सदैव ही सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ कार्य करती आ रही है। इस बजट में भी मध्यमवर्गीय वर्ग एवं छोटे व मझौले उद्योगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। नये आयकर बिल में भी अनेक ऐसे प्रावधानों को समाप्त किया गया है, जिनका कोई औचित्य नहीं बचा था।

इंस्टीट्यूट के सेंट्रल कौंसिल सदस्य व मुख्य वक्ता सीए पंकज शाह ने बजट के विभिन्न प्रावधानों की बारीकियों की व्याख्या करते हुए बताया कि इस बजट में अनेक जटिल प्रावधानों को समाप्त करने का प्रयास किया गया है। आपने यह भी कहा कि अब हमें अपने क्लाइंट का आयकर रिटर्न भरते समय पूर्ण सावधानी रखना होगी क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के द्वारा आयकर विभाग ने काफी जानकारी एकत्र की हुई है और हमारी जरा सी भी असावधानी क्लाइंट को बड़ा नुकसान पहुँचा सकती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रीजनल कौंसिल सदस्य सीए निर्भिक गाँधी ने आह्वान किया कि हम अपनी प्रैक्टिस में और भी अधिक अवसरों को खोजें और उन पर कार्य करें। सीए एक ऐसा व्यक्ति है जो अपने क्लाइंट को करारोपण के साथ साथ उनकी बचत के उचित निवेश के बारे में भी काफी उपयोगी सलाह प्रदान कर सकता है। अपने उद्बोधन में आपने स्टार्टअप को स्थापित करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने अपने स्वागत भाषण में पिछले एक वर्ष में मन्दसौर ब्रांच द्वारा की गयी गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि अत्यन्त छोटी ब्रांच होने के बावजूद भी हमारे द्वारा विभिन्न तात्कालिक विषयों पर सेमिनार आयोजित कर सदस्यों को लाभान्वित किया गया है। मन्दसौर कर सलाहकार संघ के अध्यक्ष श्री मुकेश पारिख ने संघ की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कर सलाहकार संघ द्वारा प्रतिमाह मीटिंग आयोजित की जाती है जिसमें समय समय पर विभिन्न कर प्रावधानों में हुए परिवर्तनों के बारे में चर्चा की जाती है।

अतिथि परिचय ब्रांच के सचिव सीए विकास भंडारी ने दिया। सीए मोटो सांग सीए अर्पित नागर ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सीए सदस्यों की मार्गदर्शिका व वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी सीए आयुष जैन व सीए आशीष जैन के माध्यम से किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह सीए विजयसिंह पामेंचा, सीए वीरेन्द्र जैन, सीए दिनेश जैन, सीए राजेश मंडवारिया, सीए विनय अग्रवाल, सीए विकास भंडारी, सीए आयुष जैन, सीए नयन जैन, सीए अर्पित नागदा, मुकेश पारिख, महेश पारिख, लोकेन्द्र जैन, रमेश जैन आदि के द्वारा प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन सीए आयुष जैन ने किया। आभार प्रदर्शन सीए राजेश मंडवारिया ने किया।

## जिला सीईओ वैष्णव ने जिले के जनपद अध्यक्षों एवं सदस्यों की बैठक में...

## ग्रामीण विकास कार्यो के क्रियान्वयन के संबंध में की विस्तृत चर्चा



**नीमच, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णंव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के जनपद अध्यक्षों एवं सदस्यों से त्रिस्तरीय पंचायती राज के विकास कार्यो में आने वाली समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने जनपद पंचायत अध्यक्षों एवं सदस्यों से चर्चा में उपस्थित सदस्यों ने सुझाव दिए, कि जनपद पंचायतों में समितियों की नियमित बैठकें हो, पालन प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत हो, शासकीय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित हो। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया कि, आवास की पात्रता सूची पंचायतों में चस्पाई की जावे, स्कूल भवन की मरम्मेत करवाने एवं नवीन सुदुर सम्प र्क सड़क के कार्य स्वीकृत करे, संबल कार्डो का नवीनीकरण करें तथा गॉवों की नालियों की पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाए। सीईओ श्री वैष्णव ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को त्रिस्तरीय पंचायती राज, मनरेगा एवं 15वॉ वित्त , जनपद पंचायत की कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी। यह जानकारी परियोजना अधिकारी श्री बिनोद एक्काय ने दी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 18 | 2200 | 2400 |
| उड़द | 31 | 4553 | 5760 |
| सोयाबीन | 5572 | 3765 | 4180 |
| गैहु | 2803 | 2800 | 3220 |
| चना | 80 | 4301 | 5621 |
| मसुर | 286 | 5551 | 6151 |
| धनिया | 906 | 4481 | 7390 |
| लहसुन | 20000 | 3800 | 7500 |
| मैथी | 672 | 3401 | 5471 |
| मुंगफली | 1724 | 4200 | 5081 |
| अलसी | 1808 | 5000 | 5977 |
| सरसो | 2310 | 5100 | 5720 |
| तारामीरा | 3 | 4101 | 4101 |
| इसबगोल | 73 | 9500 | 11470 |
| प्याज | 2561 | 1000 | 2801 |
| कलोंजी | 12 | 10000 | 17082 |
| तुलसी बीज | 3 | 10801 | 12800 |
| डॉलर | 15 | 5000 | 8100 |
| तिल्ली | 3 | 7100 | 8001 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 10 | 5280 | 6415 |
| असालीया | 197 | 7231 | 7400 |
| चिया | 48 | 8000 | 13000 |


## कार्यालय नगर परिषद गरोठ, जिला – मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक-349/2025 गरोठ, दिनांक – 17.02.2025

### //// नामान्तरण विज्ञप्ति ////

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150/151 के अंतर्गत निम्न सूची अनुसार नगरीय सीमा/क्षेत्र की अचल सम्पत्तियों/भवन/दुकान/प्लांटों के क्रेताओं/खरीददारों के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत हुए है। अतः जिस किसी को भी निम्नांकित नामान्तरण किए जाने हेतु किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस (पंद्रह) दिवस की समयावधि में लिखित में ठोस प्रमाण के साथ इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा बाद अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति श्रवण योग्य नहीं होकर मान्य नहीं की जावेगी एवं प्राप्त आवेदन पत्रों पर आगामी कार्यवाही की जावेगी।

### //// क्रेताओं/विक्रेताओं की सूची ////

| क्रं. | प्रकरण क्रमांक | विक्रेता/हस्तांतरणकर्ता का नाम | क्रेताओं के नाम हस्तांतरण जिसके पक्ष में होना है | वार्ड क्रमांक एवं मोहल्ला | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 92/2024-25 | श्रीमती रजियाबी, कल्लो बी, अकबर अली, अब्दुल रशीद एवं मुमताज बी सभी के पिता शौकतअली रंगरेज नि. गरोठ | श्री अब्दुल रशीद पिता शौकत अली रंगरेज निवासी गरोठ हा.मु. शामगढ़ | वार्ड क्रं.12 मुसलमान मोहल्ला गरोठ | रजिस्टर्ड हक त्याग के आधार से |
| 2 | 93/2024-25 | श्रीमती सरोज कुंवर पति मोहनसिंहजी चौहान नि. गरोठ | श्री नरेन्द्रसिंह पिता मोहनसिंहजी चौहान निवासी गरोठ | वार्ड क्रं.03 गुर्जर मोहल्ला गरोठ | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार से |
| 3 | 94/2024-25 | श्रीमती अर्चना पिता नेमीचंदजी जैन नि. गरोठ | श्री अक्षय पिता मदनलालजी पटवा नि. गरोठ | वार्ड क्रं.05 जरिया भेरु गली गरोठ | रजिस्टर्ड विक्रय लेख के आधार से |
| 4 | 95/2024-25 | श्री रमेशचंद्र पिता चुन्नीलालजी ग्वाला नि. गरोठ | श्री बंशीलाल पिता वरदीचंदजी वेद नि. गरोठ | वार्ड क्रं.15 दुर्गामाता मंदिर के पास गरोठ | रजिस्टर्ड विक्रय लेख के आधार से |
| 5 | 96/2024-25 | श्री बंशीलाल पिता वरदीचंद्रजी वेद नि. गरोठ | श्रीमती मदनबाई पति बंशीलाल, श्रीमती सुनीता पति राजमल मंडवारिया व कृष्णगोपाल, पंकज पिता बंशीलालजी वेद नि. गरोठ | वार्ड क्रं.15 दुर्गामाता मंदिर के पास गरोठ | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार से |
| 6 | 97/2024-25 | श्री शिवचरण सेन, बृजमोहन सेन, राजू सेन, उषा सेन, लता सेन पांचों के पिता रामविलासजी एवं सुमनबाई पति गोविंदनारायणजी व रविन्द्र पिता लक्ष्मीनारायणजी सेन नि. गरोठ | श्रीमती संतोषबाई पति तुलसीरामजी सेन निवासी गरोठ | वार्ड क्रं.11 अग्रवाल पंचायत के पास गरोठ | रजिस्टर्ड हक त्याग के आधार से |
| 7 | 98/2024-25 | श्री ओमप्रकाश, कौशल्याबाई दोनों के पिता मोतीलालजी रत्नावत निवासी गरोठ | श्री कैलाशचंद पिता मोतीलालजी रत्नावत निवासी गरोठ | वार्ड क्रं. 05 जरिया भेरु गली गरोठ | रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार से |
| 8 | 99/2024-25 | श्री मुकेशकुमार पिता कन्हैयालालजी वेद नि. गरोठ | श्रीमती वैशाली बरडेजा पति नीरजकुमारजी पंजाबी निवासी गरोठ | वार्ड क्रं.01 गोयल कालोनी गरोठ | रजिस्टर्ड विक्रय लेख के आधार से |
| 9 | 100/2024-25 | श्री मदनलालजी पिता काशीरामजी गुप्ता नि. गरोठ | श्री ओमप्रकाश पिता रामनारायणजी मांदलिया निवासी गरोठ | वार्ड क्रं.01 खड़ावदा रोड गरोठ | रजिस्टर्ड विक्रय लेख के आधार से |
| 10 | 101/2024-25 | श्रीमती नीलम पति अंतिम डपकरा नि. गरोठ | श्री विजयकुमार पिता हरिनारायण सेठिया निवासी गरोठ | वार्ड क्रं. 01 खड़ावदा रोड, गरोठ | रजिस्टर्ड विक्रय लेख के आधार से |
| 11 | 102/2024-25 | श्रीमती गायत्रीबाई पति हुकुमचंद्रजी डपकरा नि. गरोठ | श्री पवनकुमार पिता हरिनारायण सेठिया निवासी गरोठ | वार्ड क्रं. 01 खड़ावदा रोड, गरोठ | रजिस्टर्ड विक्रय लेख के आधार से |
| 12 | 103/2024-25 | श्री नंदा पिता भेरुजी खाती निवासी गरोठ | श्री मांगीलाल पिता नंदाजी खाती नि. गरोठ | वार्ड क्रं. 05 जरिया भेरु गली गरोठ | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार से |
| 13 | 103/1/2024-25 | श्री मांगीलाल पिता नंदाजी खाती निवासी गरोठ | श्री बद्रीलाल, द्वारकीलाल, मोहनलाल एवं लीलाबाई सभी के पिता मांगीलाल एवं उषाबाई पति रामगोपाल व डालीबाई, अंकित पिता रामगोपालजी खाती निवासी गरोठ | वार्ड क्रं. 05 जरिया भेरु गली गरोठ | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार से |

श्रीमती रेखा रविन्द्रपुरी गोस्वामी
प्रभारी सदस्य राजस्व, सामान्य प्रशासन एवं लेखा विभाग समिति
नगर परिषद गरोठ

राजेश सेठिया
अध्यक्ष
नगर परिषद गरोठ

महेश मालवीय
उपाध्यक्ष
नगर परिषद गरोठ

वीरेन्द्र मेहता
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद गरोठ

# मप्र लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 लिखेगी प्रदेश की समृद्धि का नया अध्याय-मुख्यमंत्री

## नवाचार से विश्वस्तरीय बनेगा लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, आपूर्ति होगी आसान, लागत पर लगेगी लगाम

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और जीआईएस में जुट रहे निवेशकों को आकर्षित करने राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 जारी की है। पॉलिसी के नवाचारों से लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाकर आपूर्ति दक्षता को बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा कि पॉलिसी का उद्देश्य प्रदेश में दक्ष, विश्वसनीय और रणनीतिक रूप से स्थाई विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास करना है, जिससे वर्ष 2030 तक लॉजिस्टिक लागत को वैश्विक मानकों के अनुरूप कम किया जा सके। इससे प्रदेश घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय व्यवसायों के लिए आकर्षक स्थल बन सकेगा।

मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 प्रदेश के समग्र आर्थिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी। यह नीति राज्य को लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र बनाने, निवेशकों को आकर्षित करने और व्यापार को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी। आगामी वर्षों में ईससे मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई उँचाइयाँ मिलेंगी। पॉलिसी के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार पोर्ट टर्न अराउंड समय को कम करने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। इससे राज्य की आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को सुधारा जा सकेगा। साथ ही पीसीएस-वन प्रणाली से ई-डिलीवरी आदेशों को पेश किया जाएगा, जिससे लॉजिस्टिक्स प्रक्रियाओं को और अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जा सकेगा। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए डेडिकेटेट लैब बनाई जाएंगी, जिससे उत्पाद सुरक्षा नियमों और गुणवत्ता मानकों खरे उतर सकेंगे। रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डोर (आरएफआईडी) जैसे तकनीकी नवाचार सुरक्षा को बढ़ाएंगे और माल की आवाजाही भी तेज होगी। साथ ही यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफार्म के समावेश से लॉजिस्टिक्स मूल्य श्रृंखला में डेटा का आदान-प्रदान सरल और तेज बनेगा। पॉलिसी के नवाचारों में ग्रीन कार्ड योजना भी शामिल है, जो ऐसे लॉजिस्टिक्स संचालको को शीघ्र मंजूरी देगी, जो ग्रीन-ट्रांसपोर्टेशन को अपनाएंगे।



**इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास से बढ़ेगी परिवहन दक्षता**–अन्तर्देशीय और अंतराष्ट्रीय लॉजिस्टिक ट्रांस्पोर्टेशन के योग्य इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए राज्य सरकार 20 से अधिक कार्गो टर्मिनल विकसित कर रही है। इससे लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत होगा। ये टर्मिनल अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे, जो माल ढुलाई को सुगम बनाएंगे। परिवहन लागत कम होने से व्यवसायियों का लाभ बढ़ेगा और प्रदेश में अधिक निवेश आकर्षित होगा।

**निर्यात क्षमता बढ़ाने विकसित होगा विशेष इन्फ्रास्ट्रक्चर**–मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 का एक महत्वपूर्ण अंग राज्य की निर्यात क्षमता को बढ़ाना भी है। इसके लिए पॉलिसी में निर्यात पार्क विकसित किए जाने के प्रावधान शामिल किये गए हैं। इन पार्कों के विकासक को स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क पर 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति प्राप्त होगी, साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए अधिकतम 40 करोड़ रुपए अथवा प्रति एकड़ 50 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। निर्यातकों के लिए सामान्य प्र-संस्करण सुविधाओं की स्थापना को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिये परियोजना लागत की 25 प्रतिशत तक अथवा अधिकतम 25 करोड़ रुपए तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। पॉलिसी में ग्रीन इंडस्ट्रीलायजेशन को भी प्रोत्साहित किया गया है। इसके लिए अपशिष्ट प्रबंधन की शून्य तरल प्रणालियों और केंद्रीकृत अपशिष्टप्रबंधन प्रणालियों की स्थापना पर 50 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी।

**निर्यातकों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर**–पॉलिसी में निर्यातकों की भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसके लिए निर्यात विविधीकरण को बढ़ावा, निर्यात-उन्मुख इकाइयों की दक्षता बढ़ाना और सुदृढ़ निर्यातोन्मुख लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। पॉलिसी के उद्देश्यों में निर्यात की मात्रा बढ़ाना, 'मेड इन मध्यप्रदेश' उत्पादों के निर्यात मूल्य में वृद्धि करना और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन भी शामिल है।

**घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिये सुनहरा अवसर**–लॉजिस्टिक्स लागत में कमी से व्यापारियों और उद्यमियों को सीधा लाभ होगा। वेयरहाउस, ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स कंपनियों में लाखों नई नौकरियाँ उपलब्ध होंगी। विदेशी और घरेलू निवेशकों को आकर्षित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। साथ ही किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर परिवहन और भंडारण सुविधाएँ मिलेंगी।

# लाड़ली बहना: किश्त से पहले झटका

## डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा-राशि बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं



**भोपाल, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लाडली बहना योजना को लेकर बड़ा अपडेट आया है। अपने खातों में हर महीने आने वाली 1250 रुपए की राशि का इंतजार कर रहीं इन महिलाओं के चेहरे उदास हो गए हैं। वहीं लाडली बहना योजना की राशि को लेकर पहले से ही कांग्रेस के निशाने पर रहने वाली सरकार को विपक्ष एक बार घेरने की तैयारी कर सकता है। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने कहा कि राशि बढ़ाने का फिलहाल प्रस्ताव नहीं है।

### सीएम ने किया था राशि बढ़ाने का ऐलान...

बता दें कि कुछ दिन पहले देवास में हुए एक आयोजन में लाडली बहना योजना की 21वीं किस्त के 1250 रुपए जमा कराने से पहले सीएम मोहन यादव ने राशि बढ़ाने का बड़ा ऐलान किया था। इस कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव ने कहा था कि जल्द ही लाडली बहना योजना की राशि बढाई जाएगी। हालांकि उन्होंने ये नहीं कहा था कि किश्त की 1250 रुपए की राशि में कितने रुपए का इजाफा किया जाएगा।

### कांग्रेस ने घेरा, कहा- झूठ बोल रहे हैं...

लाडली बहना योजना की किश्त की राशि 1250 रुपए से बढ़ाकर दिए जाने के सीएम के बयान के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने सीएम को जमकर घेरा। जीतू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि, ये लाडली बहनों से झूठ बोल रहे हैं।

### यह कहा डिप्टी सीएम ने...

इसकी पुष्टि डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने करते हुए कहा कि राज्य के बजट में लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में जो योजना चल रही है, वह जारी रहेगी। इससे साफ हो गया है कि इस साल 2025 में लाडली बहनों के खाते में 1250 रुपए की राशि ही जमा की जाएगी। बता दें कि डिप्टी सीएम ने एमपी बजट की चर्चा के दौरान मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए ये बात कही।

### कब आएगी 22वीं किश्त...

बता दें कि मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुरू की थी। नवंबर 2023 में प्रदेश की करोड़ो लाडली बहनों के खातों में 1-1 हजार रुपए की राशि जमा की गई थी। जिसे बाद में बढ़ाकर 1250 रुपए कर दिया गया। तीज-त्योहार पर ये राशि 1500 रुपए तक बढ़ा दी जाती है। वहीं समय-समय पर इसे बढ़ाकर 3000 रुपए करने की चर्चा भी आम रहती है। लाडली बहना योजना के तहत अब तक राज्य सरकार 21 किस्त लाडली बहनों को दे चुकी है। इस बार मार्च 2025 में उनके खातों में लाडली बहना योजना की 22वीं किश्त के रूप में 1250 रुपए सिंगल क्लिक पर ट्रांसफर किए जाएंगे। ये राशि लाडली बहनों के खाते में 07 मार्च से 10 मार्च तक भेजे जाएंगे।

# परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने पर होगी कार्यवाही-कलेक्टर

## रबी उपार्जन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए, साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस तथा विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारियां फैलाने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्यवाही करें। ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए। लाउडस्पीकर पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त कार्यों के लिए उड़न दस्ता दल गठित करें। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों के प्रकाशन के पश्चात की कार्यवाही पूर्ण करें। परीक्षा के लिए जिन कर्मचारियों, दलों की ड्यूटी लगी है उनको प्रशिक्षण प्रदान करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी जिलाधिकारी मौजूद थे।



आगामी 1 मार्च से सभी विभागों की फाइले ई ऑफिस के माध्यम से संचालित होगी। फाइलों के सभी कार्य ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे। इस संबंध में सभी विभाग हिरारकी मैपिंग करें। ईमेल बनाएं। तथा ई ऑफिस पर कार्य शुरू करें। रबी उपार्जन पंजीयन का कार्य 31 मार्च तक चलेगा। रबी उपार्जन खरीदी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए। बारदान की पर्याप्त व्यवस्था रखे। बारदान के लिए डिमांड भी भेजें। स्लॉट बुकिंग समय पर हो। इसका विशेष तौर पर ध्यान रखें। तोल कांटे पर्याप्त संख्या में हो। सभी केंद्रों पर सर्वेयर समय पर पहुंचे। यह सुनिश्चित किया जाए। गेहूं की गुणवत्ता की जांच करें एवं ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था समय-समय पर हो। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए ब्लॉक स्तर पर आयोजित आने वाले कैंपों में अधिकारी बैठे तथा शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें। जल निगम द्वारा किए गए कार्य जो ग्राम पंचायत को सुपुर्द करना है। सुपुर्द करने से पहले कार्यों की जांच करें। इसके लिए सीईओ जिला पंचायत जांच दल गठित करें।

# आयुष्मान के लिए अनुबंधित निजी अस्पताल आयुष्मान से मिलने वाली सभी सेवाएं मरीजों को प्रदान करें-कलेक्टर

## जिला अस्पताल में जिन सेवाओं के डाक्टर नहीं है अगर प्राइवेट डाक्टर द्वारा सेवा देने पर आयुष्मान पैकेज रेट से पेय किया जाएगा, स्वास्थ्य विभाग की डीजीआरसी कमेटी की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की डीजीआरसी कमेटी की बैठक सुशासन भवन स्थित सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निजी अस्पतालों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे अस्पताल जो आयुष्मान के लिए अनुबंधित है, वे अस्पताल आयुष्मान की सभी सेवाएं प्रदान करे। आयुष्मान के माध्यम से जितनी भी बीमारियों का इलाज किया जाता है उन सभी सेवाओं को प्रदान करें।

सिर्फ नाम के लिए एक या दो सेवाओं को प्रदान न करके सभी सेवाएं दे। अगर सेवाएं नहीं है तो सेवाओं को जोड़ने के लिए आवेदन करें। आयुष्मान के लिए जो रिक्वायरमेंट पूरी होनी चाहिए वह सभी रिक्वायरमेंट पूरी करें। आम लोगों को आयुष्मान से मिलने वाली सभी सेवाओं के बारे में जानकारी दें। इसके लिए अस्पताल में हेल्पेड डेस्क स्थापित करें। जहां पर मरीजों को आयुष्मान में मिलने वाली सभी सेवाओं की जानकारी मिलेगी। सभी सेवाओं का सूचना बोर्ड



अस्पताल में चस्पा करे। अस्पतालों में हेल्पेड डेस्क को सुदृण करें। जहां पर मरीज के आने पर तुरंत मरीज का आधार कार्ड और समग्र आईडी लें और चेक करें कि, मरीज आयुष्मान का हितग्राही है या नहीं। अगर आयुष्मान का हितग्राही है तो मरीज से ओपीडी फीस नहीं लेवे। आयुष्मान हितग्राही से ओपीडी की फीस नहीं लेना है। क्योंकि ओपीडी की फीस का भी भुगतान आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सरकार द्वारा किया जाता है। साथ ही अगर कोई आयुष्मान का हितग्राही है और निजी अस्पताल में भुगतान करके अपना इलाज कराना चाहता है तो इस संबंध में सबसे पहले आयुष्मान भोपाल को सूचित करें कि, उक्त व्यक्ति आयुष्मान का हितग्राही होकर स्वयं पैसे देकर इलाज करवाना चाहता है। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चौहान, निजी अस्पताल के प्रबंधक, डॉ, मैनेजर मौजूद थे। जिला अस्पताल में जिन सेवाओं के डॉक्टर नहीं है, अगर कोई निजी अस्पताल के डॉक्टर या कोई स्पेशलिस्ट डॉ अगर उन सेवाओं के बदले सेवा देना चाहते हैं, तो उन डॉक्टर को आयुष्मान पैकेज रेट के अनुसार भुगतान किया जाएगा। जिले में निजी अस्पतालों के द्वारा प्रसव ऑपरेशन के माध्यम से अधिक से अधिक कराए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। उक्त संबंध में जांच चल रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर अस्पताल एवं संबंधित डॉ के विरुद्ध कार्यवाही होगी। टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले में 100 दिवसीय अभियान लगातार चल रहा है। उक्त अभियान में निजी अस्पताल ज्यादा से ज्यादा ओपीडी के मरीजों को एक्स-रे के लिए जिला अस्पताल में रेफरल करें। प्रतिदिन की रिपोर्ट भेजें। ओपीडी और एक्स रे के बीच में जो गैप हैउसको कम करें। टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान करें।

## दम्पति पर मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति के खिलाफ केस दर्ज किया। भील्याखेड़ी निवासी सोना पति विनोद धनगर ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं अपने पीहर अरनिया जटिया थी, इस दौरान पड़ोसी हीरालाल पिता हरीशचंद धनगर से मेरी मां नंदूबाई ने नाली साफ रखने की बोला तो हीरालाल व उसकी पत्नी धापूबाई ने गाली-गलौज कर मेरी मां व मेरे साथ मारपीट की। फावड़े से मारी, जिससे सिर व कमर पर चोंट आई। पुलिस ने दम्पत्ति पर केस दर्ज किया।

## मारपीट, दोनों पक्षों पर क्रास केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज हुआ। राकोदा निवासी प्रहलाद बावरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं ससुराल गांव चौथखेड़ी में था। इस दौरान गणपत पिता कारु बावरी व अर्जुन पिता रामकिशन बावरी आए और मेरी पत्नी अनिता से बोला कि तेरा भाई कहां है, काम पर जाने की बात कही तो दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की व सरिए से हाथ व पीठ पर मारी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया। इसी तरह गणपत बावरी ने शिकायत दर्ज कराई कि मैं विष्णु बावरी के घर पर समझाने गया कि मेरे भाई को शराब मत पिलाओ। तो गोवर्धन पिता उदयराम बावरी ने गालियां दी व मारपीट की। इसी दौरान अनिता पिता शंभूलाल बावरी भी आ गई, उससने लट्ठ से पैर पर मार दी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने अनिता व गोवर्धन पर केस दर्ज किया।



## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न

**मनासा, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तैयारी को लेकर निकाय की परिषद सभाग्रह में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मै मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितेश पाटीदार, स्वच्छता ब्रांड अम्बेसेडर अजय जी तिवारी, स्वच्छता सभापति राजू जी माली, उपाध्यक्ष किशोर जी जोलान्या, पार्षदगण उपस्थित हुए। स्वच्छता शाखा प्रभारी लोकेन्द्र साधु को विशेष दिशा निर्देश देते हुए स्वच्छता सभापति द्वारा राजू जी माली ने तीनो प्रभारी जमादार को सख़्ती से नियोमो का पालन करने व कार्य करते समय ीर्लीशीं प्रोटेक्शन सामग्री का उपयोग करने का कहा गया, ब्रांड अम्बेसेडर महोदय द्वारा सुरक्षा उपकरण पहन कर कार्य करने मै ही कर्मचारियों का हित है यह मत रखा गया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा लापरवाह कर्मचारियों की 3 दिवस की अनुपस्थिति लगाने के आदेश दिए। स्वच्छता शाखा से प्रभारी दरोगा दिनेश राठौर, ाळी डाटा इंट्री ऑपरेटर सतीश बैरवा, दिलीप दुर्गज , धीरज धवन व एनजीओ संस्था से कमलेश कारपेंटर उपस्थित थे।

## बड़े अस्पताल की पार्किंग में घुसी एंबुलेंस

### पांच बाइक को टक्कर मार क्षतिग्रस्त किया

**नीमच, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार रात को नशे में धुत एक एंबुलेंस चालक ने अस्पताल परिसर में वाहन स्टैंड की पार्किंग में खड़ी पांच बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सभी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शी और पीड़ित गणेश कुमार ने बताया कि वह अपने पिता के इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में थे। अनाउंसमेंट के बाद जब वह अपनी बाइक की तरफ गए, तो देखा कि एंबुलेंस चालक ने उनकी बाइक समेत कई अन्य वाहनों को नुकसान पहुंचा दिया था। एक अन्य पीड़ित बगदीराम धाकड़ ने बताया कि वह पर्ची बनवाने के लिए अपनी बाइक खड़ी करके इंतजार कर रहे थे। उस समय घटनास्थल पर कोई व्यक्ति नहीं था, वरना जानहानि भी हो सकती थी। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि, पूरी घटना अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें एंबुलेंस की तेज गति और चालक की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। पीड़ितों ने नीमच कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

## ट्रेक्टर की टक्कर से मां-बेटा घायल

**पिपलियामंडी, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ट्रेक्टर की टक्कर से मां-बेटा घायल हो गए। रणायरा निवासी उदयसिंह पिता भवानीसिंह सौंधिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई रणायरा में इलेक्ट्रीक स्कूटी से खेत पर जा रहा मेरा बेटा कानसिंह व पत्नी रुकमणबाई को ट्रेक्टर ड्राइवर कुण्डला (कुकडेश्वर) निवासी गोविन्द पिता लक्ष्मीनाराण मालवीय ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। जिन्हें मंदसौर भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रेक्टर ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

# रेलवे दोहरीकरण: टेस्टिंग के लिए चलाई इंसपेक्शन ट्रेन

## जून से ट्रेक शुरु होने की उम्मीद, सीआरएस के आने के पहले की तैयारी, ट्रैक के आसपास जाने पर रोक

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वेस्टर्न रेलवे रतलाम मंडल के नीमच-रतलाम के बीच हरकियाखाल से मल्हारगढ खंड में 13 किमी सेक्शन का डबलिंग कार्य पूरा हो चुका है। आगामी दिनों में वेस्टर्न रेलवे मुख्यालय से कमिश्नर ऑफ सेफ्टी (सीआरएस) ने डबलिंग कार्य को चैक करने के साथ ही ट्रेनों की स्पीड को भी नए ट्रैक पर जांची। शाम 5 बजे के बाद रेलवे के निर्माण विभाग द्वारा परीक्षण किया। इस दौरान हरकियाखाल से मल्हारगढ सेक्शन के 13 किमी की नई रेलवे लाइन पर 100 किमी प्रति घंटा से अधिक की स्पीड से इंस्पेक्शन (निरीक्षण) ट्रेन चलाकर स्पीड टेस्ट किया गया।

**34 किमी तक का हो चुका पूरा काम**–नीमच-रतलाम रेल सेक्शन के लगभग 133 किमी में धौंसवास-नामली, नामली-बड़ायला चौरासी एवं नीमच-हरकियाखाल के बीच लगभग 34 किमी सेक्शन में डबलिंग कार्य हो चुका है। ट्रैक पर परिचालन भी आरंभ किया जा चुका है। शेष कार्य भी प्रगति पर है।

**मंदसौर से दलौदा के बीच कार्य अंतिम चरण में**–नीमच से रतलाम दोहरीकरण में अब तक नीमच से हर्कियाखाल, नामली - से बड़ायला चौरासी का काम हो गया = है। इसी के साथ ढोढर से बड़ायला चौरासी में 90 फीसदी काम हो गया। मंदसौर से दलौदा के मध्य कार्य अंतिम चरण में है। हर्कियाखाल से मल्हारगढ़ के बीच पटरियां बिछाने के साथ इलेक्ट्रिफिकेशन का काम- भी साथ-साथ किया गया। करीब 11.5 किमी लंबे ट्रैक पर इलेक्ट्रिक तार डालने सहित अन्य उपकरण लगाने व टेस्टिंग कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अधिकारियों के अनुसार जून तक जनता को सौगात दी जाएगी।



## 70 वर्ष बाद मिला पंडित जोशी को सम्मान

**मंदसौर, 17 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलम से लिखी कोई रचना बरसों बाद भी रचनाकार को सम्मान दिला सकती है। नगर के विद्वान भागवताचार्य गोलोकवासी पंडित श्री मदनलालजी जोशी जो हिन्दी संस्कृत के विख्यात कवि और साहित्यकार भी थे।उन्होंने 70 साल पहले 1955 में मालवी बोली में एक गीत लिखा था जिसकी शीर्ष पंक्ति है 'स्वर्ग लोक ती घणों रुपारो म्हारो मालवो प्यारो' मालवी बोली में बनने वाली फिल्म 'थारो म्हारो प्रेम' में पंडित जोशी जी के इस गीत को टाईटल सांग के रूप में लिया गया है। फिल्म के मुहूर्त शॉट की शूटिंग के दौरान देवास देवड़ा रोड स्थित देव डूंगरी माताजी मंदिर के प्रांगण में पंडित जोशी का गोलोकवास उपरांत सम्मान किया गया। यह सम्मान उनके पुत्र पत्रकार ब्रजेश जोशी ने प्राप्त किया। सांसद सुधीर गुप्ता नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया,नागरिक आपूर्ति निगम के डायरेक्टर मदनलाल राठौर और फिल्म डायरेक्टर राजेंद्र राठौर तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## शिक्षक भी अब बन सकेंगे...

पेज 1 से जारी

शिक्षक के रूप में ये स्कूलों में पदस्थ हैं। जिले की शिक्षा व्यवस्था में जिला शिक्षा और परियोजना अधिकारी काम कर रहे हैं। पदोन्नति को लेकर अभी कई विसंगतियां रही। एक ही पद पर कई शिक्षकों का पूरा जीवन बीत गया। उन्हें डीपीसी तो दूर प्राचार्य बनने का मौका भी नहीं मिला। इस निर्देश के बाद इन्हें लाभ मिलेगा।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/249/खनिज/2025 — मंदसौर, दिनांक-11.02.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पृथ्वीराजसिंह चौहान पिता रणजीतसिंह चौहान निवासी गुराड़ियामाता तहसील गरोठ जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 04.02.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 20.03.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | शामगढ़ | मानपुरा | 239/2 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.03.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-23168/24 — दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

सेल्समेन की आवश्यकता

* अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। * अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।
* वेतन 5 अंको में * योग्यता को प्राथमिकता
******* संपर्क *******

प्रदीप मोबाईल
दया मंदिर रोड़ मंदसौर
मोबाईल- 9893100778, 8319811988

श्री ज्ञान सागर हाई स्कूल सेमलिया हीरा

सक्षम और समर्पित एक शिक्षक की आवश्यकता है
अच्छे अनुशासित और अनुभवी प्राचार्य की जरूरत है
प्री प्राइमरी से जूनियर हाई स्कूल तक अंग्रेजी | हिंदी | गणित और
कक्षा 12वीं विज्ञान, गणित, कला और वाणिज्य के लिए शिक्षित एवं प्रशिक्षित शिक्षक की आवश्यकता है
कक्षा 6वीं से 12वीं तक हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम उपलब्ध है

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in